तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

11 मैनपुर में शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण की ज़मीनी...



12 मड़ेली में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता





खबर संक्षेप

10 अधिकारी-कर्मचारियों की नई पदस्थापना

गरियाबंद। जिले में पुलिस प्रशासन ने बड़ा फेरबदल करते हुए 10 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 26 अक्टूबर 2026 को जारी दो अलग-अलग आदेशों के तहत थाना प्रभारियों, उपनिरीक्षकों और प्रधान आरक्षकों सहित कर्मचारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वहीं, चार प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को दो माह के लिए विभिन्न थानों में स्वतंत्र प्रभार देकर व्यावहारिक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। 0प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को मिली थाना संभालने की जिम्मेदारी पुलिस मुख्यालय रायपुर और नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंदखुरी के निर्देशों के अनुपालन में जारी आदेश क्रमांक 5051 के तहत चार प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों की पदस्थापना की गई है। इनमें श्रद्धा, हेमंत कुमार साहू, दीप कुमार इककेश्वर और मुकेश कुमार बंजारे शामिल हैं। आदेश के अनुसार, श्रद्धा को ▶▶|शेष पेज 11 पर

भाजयुमो ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पटना में आयोजित एक सभा के दौरान की गई कथित टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर के नेतृत्व में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय स्थित तिरंगा चौक पर एकत्रित होकर कांग्रेस अध्यक्ष के बयान के प्रति नाराजगी जताई और मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राजनीतिक विरोध में मर्यादित भाषा के इस्तेमाल की मांग करते हुए कथित टिप्पणी की निंदा की।

जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कथित बयान का विरोध करते हुए कहा कि राजनीतिक दलों के बीच मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन सार्वजनिक मंचों से दिए जाने वाले बयानों में गरिमा बनी रहनी चाहिए। जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कथित टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सार्वजनिक मंचों से दिए जाने वाले बयानों में शब्दों का चयन सोच-समझकर किया जाना चाहिए। लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक दल को अपनी बात रखने की स्वतंत्रता है। लेकिन यह स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ जुड़ी हुई है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि राजनीति में वैचारिक मतभेद और आरोप-प्रत्यारोप लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा हैं। विपक्ष को सरकार की नीतियों का विरोध करने और अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन विरोध के दौरान भाषा की मर्यादा बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के निजी जीवन अथवा परिवार को लेकर टिप्पणी करना उचित नहीं है।

पीएम मोदी के दिवंगत पिता पर कथित टिप्पणी से भाजपाइयों में नाराजगी





कांग्रेस अध्यक्ष के कथित बयान के विरोध में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने तिरंगा चौक पर पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। विरोध प्रदर्शन और प्रदर्शन में गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख सहित राधेश्याम सोनवानी, संजय सोनकर, गौतम शर्मा, शीतल सिंह, मोहनिस ठाकुर, आकाश सिंह राजपूत, ओंकार साहू, बादल साहू, रवि साहू, आयुष तिवारी, सोमेश्वर साहू, सूरज सिंह, मयंक सोनी, सोनू यादव, लालजी साहू, श्रेयांश शर्मा, हर्ष देवांगन, पीयूष सिंह, देवेश भन्दैलुकार, लोकेश सिन्हा, सोनू यादव, सूरज बीसी, प्रखर राजपूत, सर्जेव राव सहित मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तिरंगा चौक पर जुटे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता

8 समितियों में से 6 के कर्मचारियों को 3 से 7 माह से नहीं मिला वेतन

50 से अधिक कर्मियों के सामने आर्थिक संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासन द्वारा 15 नवंबर से आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी प्रारंभ की जाएगी है। छुरा क्षेत्र में धान खरीदी शुरू होने से पहले ही कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

जिला सहकारी बैंक छुरा के अंतर्गत संचालित आठ आदिम जाति सेवा समितियों में से छह समितियों के लगभग 50 से 60 कर्मचारियों को पिछले तीन से सात माह तक का वेतन नहीं मिला है। एक ओर शासन किसानों से धान खरीदी की तैयारियां करने में जुटा है, वहीं दूसरी ओर समितियों में कार्यरत कर्मचारी अपने मेहनताने के लिए परेशान हैं। दीपावली जैसे महत्वपूर्ण

- धान खरीदी में भी पड़ सकता है प्रभाव

त्योहार के समय वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक कठिनाइयां बढ़ गई हैं।

समितिवार वेतन की स्थिति- आदिम जाति सेवा समिति दुल्लाः जून से अक्टूबर तक, लगभग 5 माह। आदिम जाति सेवा समिति रसेलाः मई से अक्टूबर तक, लगभग 6 माह। आदिम जाति सेवा समिति सिवनीः जून से अक्टूबर तक, लगभग 5 माह। आदिम जाति सेवा समिति चरोदाः जुलाई से अक्टूबर तक, लगभग 4 माह। आदिम जाति सेवा समिति कोसमीः जून से अक्टूबर तक, लगभग 5 माह। आदिम जाति सेवा समिति कंसींघीः अप्रैल से अक्टूबर तक, लगभग 7 माह शामिल हैं। इन समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने से उनके सामने घरेलू खर्च, बच्चों की पढ़ाई, जरूरी जरूरतों और त्योहार की तैयारियों को लेकर ▶▶|शेष पेज 11 पर

धान खरीदी को लेकर समितियों में तैयारियां तेज, साफ-सफाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



- चबूतरा निर्माण और कंप्यूटर कक्ष बनाने का कार्य जारी

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। क्षेत्र के सहकारी समितियों के अंतर्गत आने वाले धान उपार्जन केंद्रों में साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस वर्ष धान खरीदी 16 नवंबर से 31 जनवरी 2027 तक की जाएगी। खरीदी का कार्य सुचारु रूप से संचालित करने और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर शर्मा ने सभी सहकारी समितियों को धान खरीदी केंद्रों में साफ-सफाई, पेयजल, छाया, किसानों के बैठने की व्यवस्था, तौल मशीन, बारदाने की उपलब्धता और धान के परिवहन सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य खरीदी के दौरान किसानों को सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना और धान खरीदी ▶▶|शेष पेज 11 पर



आयोजन : नवापारा के विप्र भवन में शरद पूर्णिमा पर ब्राम्हण समाज का आयोजन

सप्तऋषियों के गोत्र से अवतरित ब्राम्हण समाज सर्वे भवन्तु सुखिनः के मार्ग पर चलने व समाजों को दिशा देने वाला : वर्मा








हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शरद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को नवापारा के विप्र भवन में ब्राम्हण समाज द्वारा आयोजित विशाल जनसमूह के बीच राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने खुलकर ब्राम्हण समाज की तारीफ करते हुए कहा कि यह समाज सप्तऋषियों के गोत्र से अवतरित है जो सर्वे भवन्तु सुखिनः के मार्ग पर चलते है। ब्राम्हण समाज सर्वजनों के सुखी जीवन की कामना करते है।

प्रारंभ में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा एवं नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित किया। उन्होंने ने कहा कि ब्राम्हण समाज सदैव से अग्रणी भूमिका निभाते चले आ रहे है। त्रेता, द्वापर, सतयुग चाहे कलयुग हो इन सभी युगों की बात करते है जिसमें ब्राम्हण समाज ने सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का काम किया है। वाल्मिकी रामायण या महाभारत की बात करें तो इसके रचयिता ब्राम्हण ही है।छत्तीसगढ़ का इतिहास अत्यंत समृद्ध है। यह भगवान श्रीराम का ननिहाल और माता कौशल्या की जन्मभूमि के रूप में जाना जाता है। वनवास काल में भी भगवान श्रीराम का छत्तीसगढ़ से गहरा संबंध रहा है। चंद्रखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है। राजिम और नवापारा क्षेत्र का भी अपना गौरवशाली इतिहास है। महानदी हमारे जीवन का आधार है। राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का कहना है कि ब्राह्मण समाज अपनी सांस्कृतिक विरासत, सनातन परंपराओं और संस्कारों को सुरक्षित रखते हुए समाज में एकता, सद्भाव और जागरूकता बढ़ाने के लिए आगे आए। आज के आधुनिक युग में सभ्यता और संस्कृति में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। पहले परिवारों में चार-पांच भाई एक साथ रहते थे। परिवार केवल रहने की व्यवस्था नहीं था, बल्कि संस्कारों, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी था। आज संयुक्त परिवारों की व्यवस्था कमजोर होती जा रही है। अपने बच्चों को संस्कार दें, परिवार की एकता बनाए रखें और समाज में ज्ञान, सदभाव तथा नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दें। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद ने विप्र भवन में विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि संगठन में ताकत है और इसे बिना प्रदर्शित किए आगे बढ़ना संभव नही है। आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि चंद्रमा का अमृत सबके जीवन में खुशहाली लाए। ब्राम्हण समाज का सदैव से सम्मान करते चले आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।





परस्पर तालमेल से आयोजनः प्रसन्न

स्वागत भाषण देते हुए नवापारा ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा ने कहा कि परस्पर तालमेल से हम साल भर में जो भी कार्यक्रम ब्राम्हण समाज का करते है उसे भव्य रूप में मनाते है। बताया कि नवापारा ब्राम्हण समाज में सर्व समाज के लिए शव वाहन और शव फ्रीजर समर्पित किया है। विप्र भवन को बहुत कम राशि लेकर सभी समाज को कार्यक्रम के लिए दिया जाता है।

ब्राम्हण का त्याग और तपस्या महानः युवराज

कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे भगवताचार्य युवराज पाण्डेय ने कहा कि ब्राम्हण की त्याग और तपस्या बहुत ही महान है। आपस में ब्राम्हण न लड़े। बैर भावना न रखें। एक दूसरे का दिलों जान से साथ दें। संस्कृति हमारी गरिमा और अस्तित्व है। आचार्य श्री पाण्डेय ने कहा कि संस्कृत की शिक्षा देने से पहले संस्कृति की शिक्षा देना जरूरी है। कहा कि आज बहुत सारे दिगर लोग चोला पहनकर ब्राम्हण का रूप लेकर घूम रहे है लेकिन ब्राम्हण के खून में जो उबाल रहता है वह रक्त ऐसे लोगों में आ ही नही सकता।

ये रहे उपस्थित- कार्यक्रम में विशेष रूप से हायर सेकेण्डरी स्कूल के सेवानिवृत्त प्राचार्य समाज के वरिष्ठ आरबी शर्मा, शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य ओपी दुबे, रमाकांत शर्मा, सेवानिवृत्त बीएमओ डॉ एके शर्मा, जिला पंचायत सदस्य अंबिका वर्मा, जनपद सदस्य आशीष पाण्डेय, सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रफुल्ल दुबे, कुलेश्वर महाविद्यालय के प्राचार्य मधुरानी शुक्ला, प्राचार्य सीमा शर्मा, प्राचार्य आलोक शर्मा, सेवानिवृत्त बीईओ चंद्रशेखर मिश्रा, नवापारा विप्रकुल कोर कमेटी के सदस्य ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा, हरिभूमि के ब्यूरोचीफ श्यामकिशोर शर्मा, कैलाश शुक्ला, रमेश तिवारी, सौरभ शर्मा, अजय तिवारी, ज्ञानेश शर्मा, कैलाश तिवारी, मनहरण शर्मा, अंकित शर्मा, अनंत पुराणिक, अशोक तिवारी, शिव तिवारी, गुडडू मिश्रा सहित ब्राम्हण समाज के पूर्व अध्यक्ष सनत शर्मा, विकास तिवारी, सुनील तिवारी, पं दिनेश तिवारी, कन्हैया तिवारी, संतोष मिश्रा, संतोष शर्मा, युवराज पाण्डेय, चंद्रकांत मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, प्रसन्न दुबे, मनीष शर्मा, अतुल शर्मा, संजय शर्मा, पीयूष शर्मा, सौरभ उपाध्याय, ललित पाण्डेय, उत्कर्ष शर्मा, श्याम शर्मा, राम शर्मा, चंद्रकुमार तिवारी, समाज के वरिष्ठ कस्तुरी तिवारी, महिला ब्राम्हण समाज की अध्यक्ष रेखा तिवारी, कोषाध्यक्ष सुभाषिनी शर्मा, तनु मिश्रा, सोमा शर्मा, डॉ श्वेता पाण्डेय, रूचि शर्मा, रेणुका तिवारी, पूनम पाण्डेय, पुष्पांजलि पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में विप्रजन मौजूद थे।

खबर संक्षेप

पार्षद कार्यालय में शिविर लगाकर किया इलाज



बागबाहरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत वार्ड -12 तेंदूलोथा पार्षद कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पार्षदो के साथ साथ आमजन ने भी शिविर में उपस्थित होकर चेक कराये व आयुर्वेदिक दवाई भी उपलब्ध कराया गया। शिविर में डॉ प्रतिभा राठौर, एमपीडब्लू खिलेंद्र साव, मितानिन लक्ष्मी ध्रुव, वार्ड पार्षद श्यामा लोकू चंद्राकर उपस्थित रहे। वही इलाज डॉक्टर प्रतिभा राठौर द्वारा किया गया तथा डॉक्टर के द्वारा बताया गया कि समय समय पर यह शिविर शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रो में भी किया जा रहा है। वही पार्षद श्यामा चंद्राकर ने बताया कि यह शिविर समय समय पर हमारे वार्ड में भी लगाया जा रहा है तथा शहरवासियों को इसका लाभ लेने हेतु अपील भी की।

बीएड की फीस जमा करने के लिए 15 हजार का दिया आर्थिक सहयोग

महासमुंद। सतनामी समाज के अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग से प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा संचालित पे बेक सोसायटी के माध्यम से काजल कुर्रे पिता राजकुमार कुर्रे खरोरा निवासी को बीएड की एडमिशन फीस राशि जमा करने के लिए 15 हजार रुपए की चेक देकर सहयोग किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश सहसचिव दिनेश बंजारे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एस आर बंजारे, जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, जिला उपाध्यक्षद्वय के सोनटके एवं नूतन कुर्रे, जिला सचिव रेखराम बघेल, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामकुमार गायकवाड, पवन घृतलहरे, संघर्ष समिति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चमन कुर्रे, शहर अध्यक्ष राजेश मार्कंडेय व सतनाम संस्कृति के प्रचारक दिनेश मिर्चे व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने काजल कुर्रे को मन लगाकर पढ़ाई करने व प्रतियोगी परीक्षा तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।

बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता जरूरी, पॉक्सो अधिनियम और बाल अधिकारों की दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बच्चों को बाल अपराधों, लैंगिक शोषण और मोबाइल के दुरुपयोग से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद में सोमवार, 26 अक्टूबर को सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। श्री भूतेश्वर नाथ बाल संस्कार समिति द्वारा संचालित विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, बाल अधिकारों, अच्छे-बुरे स्पर्श की पहचान तथा किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गरियाबंद खुशबू जैन उपस्थित रहीं। उनके साथ बाल कल्याण समिति गरियाबंद के अध्यक्ष अभिमन्यु ध्रुव, चाइल्ड हेल्पलाइन गरियाबंद के केस वर्कर अशोक साहू, सपोर्ट पर्सन नंदकुमार नायक, मैनपुर थाना के निरीक्षक जयसिंह ध्रुव, पीपरछेड़ी गरियाबंद के पीएलवी तोमेश्वर देवांगन तथा विद्यालय के प्राचार्य चैन सिंह बघेल सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

खुशबू जैन ने विद्यार्थियों को बाल अपराधों और बच्चों के विरुद्ध होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराधों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वर्तमान समय में मोबाइल के बढ़ते उपयोग से बच्चों के सामने उत्पन्न हो रही चुनौतियों के प्रति सचेत करते हुए सतर्क रहने की आवश्यकता बताई। उन्होंने बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श के बीच अंतर समझाया तथा किसी भी असहज स्थिति में चुप रहने के बजाय अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों और बच्चों की सुरक्षा के लिए उपलब्ध कानूनी सहायता के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया। साथ ही बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी अथवा अप्रिय घटना होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या आपातकालीन सहायता नंबर 112 पर सूचना देकर मदद प्राप्त की जा सकती है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अभिमन्यु ध्रुव ने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता और गुरुजनों का सदैव सम्मान करने की सीख दी। उन्होंने बच्चों को जागरूक रहने, अनुशासन का पालन करने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान निर्धारित आयु में विवाह करने तथा वाहन चलाने से संबंधित नियमों की जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों को कानून का पालन करने और स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य चैन सिंह बघेल ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्य का योगदान रहा।

मतदाता सूची में गड़बड़ियों की स्वतंत्र रूप से जांच हो : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



देश में मतदाता सूची की पारदर्शिता, मताधिकार की सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर कांग्रेस ने 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को गरियाबंद स्थित जिला कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में ऑब्जर्वर व महाराष्ट्र से सांसद शोभा बच्छाव, गरियाबंद जिला प्रभारी विनोद चंद्राकर, जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा और बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए।

पत्रकार वार्ता में सांसद शोभा बच्छाव ने कहा कि मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं का मुद्दा केवल विशेष गहन पुनरीक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर पात्र नागरिक के संवैधानिक मताधिकार से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, कर्नाटक (महादेवपुरा व आलंद) और हरियाणा की मतदाता सूचियों में भारी विसंगतियां सामने आई हैं। पार्टी के अनुसार, राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच अचानक मतदाताओं की संख्या में लगभग 39 लाख की वृद्धि पर सवाल उठाए थे। इसी तरह महादेवपुरा क्षेत्र में कथित अनियमितताओं से 1 लाख से अधिक वोट प्रभावित होने का दावा किया गया है।

कांग्रेस ने मांग की है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए, ताकि आंकड़ों का स्वतंत्र सत्यापन हो सके। पार्टी ने कांग्रेस कार्यसमिति के प्रस्ताव के आधार पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, एसआईआर प्रक्रिया को तुरंत स्थगित करने और मतदाता सूची से हटाए गए कथित 13.3 करोड़ नामों को बहाल करने की मांग उठाई है। इसके साथ ही इन सभी विसंगतियों की स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच कराने की बात कही है।

कांग्रेस नेताओं ने जोर दिया कि किसी भी नागरिक का नाम हटाने से पहले उसे स्पष्ट जानकारी दी जानी चाहिए और सुधार का पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस जिला और राज्य स्तर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस, बूथ स्तर पर वोटर लिस्ट सत्यापन, चौपालों और जनसंपर्क के जरिए जनता के बीच जाएगी। स्थानीय इकाइयों को निर्देशित किया गया है कि वे नाम कटने और रिकॉर्ड में गड़बड़ियों से जुड़ी शिकायतों का दस्तावेजीकरण करें। पार्टी का कहना है कि पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही से ही चुनाव प्रक्रिया में जनता का विश्वास कायम रह सकता है।

मेन मार्गों पर लगे कैमरे से बचने वैकल्पिक रास्तों का किया जा रहा उपयोग

देवभोग में ओडिशा के धान की आवक तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवभोग

धान खरीदी का सीजन नजदीक आते ही ओडिशा से छत्तीसगढ़ में धान खपाने की गतिविधियां तेज होने लगी हैं। सीमावर्ती इलाकों में हजारों क्विंटल धान पहुंचने की चर्चा है। हालांकि, खूंटगांव अंतरराज्यीय संवेदनशील चेकपोस्ट पर छत्तीसगढ़ फोर्स (सीएफ) के जवानों की तैनाती और कैमरों से निगरानी के चलते मुख्य मार्ग से धान लाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में धान के परिवहन के लिए वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल किए जाने की बात सामने आ रही है। आरोप है कि रात के अंधेरे में इन रास्तों से धान की गाड़ियां छत्तीसगढ़ पहुंच रही हैं।

ओडिशा से धान लाने के लिए तुवासमाल-छोटीगुड़ी मार्ग, टोंगसीपारा नदी मार्ग और नागलदेही स्कूल से ओडिशा के राजपुर, टीपीगुड़ा व रेनगुड़ा की ओर जाने वाले रास्तों की चर्चा है। इसके अलावा खोकसरा से ओडिशा के परला और बेहरागुड़ा, वहीं धूमामुड़ा से खपराडीह, कैंटपदर व गंगराजपुर की ओर आने वाले रास्तों से भी धान लाए जाने की बात कही जा रही है।

स्थानीय स्तर पर इन रास्तों से धान की आवाजाही की जानकारी अधिकारियों को होने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद ओडिशा से धान की आवक रोकने में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाने पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए बिचौलिये और कोचिये स्थानीय किसानों के घरों में धान डंप कर रहे हैं। खोखसरा, बरही, धूमामुड़ा, धूपकोट, मौखागुड़ा और नागलदेही सहित कई गांवों में बाहरी धान पहुंचने की चर्चा है। इससे इस बार पिछले सीजन में हुई धान खरीदी का रिकॉर्ड टूटने की आशंका जताई जा रही है। इसकी एक वजह बारिश से फसल को हुए नुकसान के बावजूद उपार्जन केंद्रों में बड़ी मात्रा में धान की आवक को भी माना जा रहा है।


फाइल फोटो

विशेष निगरानी के दावों के बाद भी बड़े पैमाने पर खरीदी

पिछले धान खरीदी सीजन में शासन-प्रशासन ने जिले के आठ संवेदनशील धान खरीदी केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने का दावा किया था। इनमें देवभोग, झाखरपारा, ढोर्रा, सिनापाली और तेतलखूंटी सहित अन्य केंद्र शामिल थे। इसके बावजूद इन केंद्रों पर बड़े पैमाने पर धान की खरीदी हुई। इससे निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठे थे।

स्टाफ की कमी

हमारे पास स्टाफ की बहुत कमी है। देवभोग में सिर्फ एक मंडी निरीक्षक है। इसके बावजूद सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर मंडी शुल्क वसूली और कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे।

-**दिनेश बंजारे,** मंडी सचिव, गरियाबंद।

जल्द ही चेकपोस्ट लगाया जाएगा

एसडीएम साहब ने चेकपोस्ट के लिए आदेश दिया है। जल्द ही चेकपोस्ट लगाया जाएगा। ओडिशा से धान लाने वाले वाहनों पर भी नजर रखी जा रही है।

-**सुशील कुमार भोई,** तहसीलदार, देवभोग

गांजा परिवहन के मामले में 10 वर्ष की सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा परिवहन के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने एनडीपीएस एक्ट के धारा 20 (ख)(।।) (ग) के तहत उत्तर प्रदेश रायबरेली जिला के ग्राम खसपरी निवासी 38 वर्षीय पुनित पटेल पिता संगमलाल पटेल को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही अदा करने पर एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार 28 अगस्त 2023 को सांकरा थाना को यह सूचना मुखबिर से मिली थी कि ओडिशा सोहेला की ओर से एक सफेद रंग की कार यूपी 67 एम 6363 पिथौरा की तरफ आ रही है जिसमें गांजा का संदेह है। सूचना पर पुलिस द्वारा एनएच 53 गुरुघासी चौक पहुंचकर नाकाबंदी किया गया। और मुखबिर द्वारा बताए गए वाहन के आने पर उसे रोककर पूछताछ की गई तो वाहन में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम पुनित पटेल बताते हुए गांजा होने की बात बताई। इस पर तलाशी ली गई तो कार के पीछे सीट सामने दरवाजा, पीछे दरवाजा बोनट में खाखी रंग से लिपटा हुआ 120 किग्रा अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। आरोपी को एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया और विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। निर्णय देते हुए न्यायाधीश ने कहा है कि नशे के इन कारोबारियों पर उदार दृष्टिकोण अपनाया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता।

जब्तशुदा मादक पदार्थ की कुल मात्रा 120 किग्रा है। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

खबर संक्षेप



2 नवंबर से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन

छुरा। छुरा नगर में विजय सेन परिवार द्वारा अपने पिताजी स्वर्गीय श्रवण सेन की वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन 2 नवंबर से 10 नवंबर तक किया जा रहा है। कथा के प्रवचनकर्ता गरियाबंद के पंडित रामकुमार शर्मा होंगे, जबकि परायणकर्ता पंडित शिवकुमार शर्मा रहेंगे। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजन के अंतर्गत 2 को जल यात्रा, देव प्रतिष्ठा एवं भागवत स्थापना के साथ कथा का शुभारंभ होगा। 3 को परीक्षित जन्म एवं वराह अवतार, 4 को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र एवं जड़ भरत कथा तथा 5 को नरक वर्णन, अजामिल चरित्र एवं गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाई जाएगी। इसी क्रम में 6 को समुद्र मंथन, वामन अवतार तथा श्रीराम-कृष्ण अवतार, 7 को बाल लीला, गोवर्धन पूजा एवं रुक्मिणी विवाह और 8 को रति चरित्र, सुदामा चरित्र एवं यदुवंश श्राप की कथा का वर्णन होगा। 9 को परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, चढ़ौती एवं शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 10 को गीता पाठ, दान, पूर्णाहुति एवं सहस्त्र स्नान के साथ कथा का समापन होगा। समापन दिवस पर ही स्वर्गीय श्रवण सेन की वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर भोजन-प्रसादी एवं भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन विजय कुमार सेन एवं मुकेश सेन द्वारा अपने पिताजी की स्मृति में कराया जा रहा है। आयोजक परिवार ने श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने तथा भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

एसडीएम लोकांश एल्मा ने संभाली कमान

मैनपुर। गरियाबंद जिले के मैनपुर अनुविभाग में नव पदस्थ एसडीएम लोकांश एल्मा ने कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया मैनपुर मे औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण करते ही नवनियुक्त एसडीएम लोकांश एल्मा ने कहा क्षेत्र की जनता की समस्याओ का समाधान करना



उनका पहली प्राथमिकता होगी साथ ही उन्होने आश्वस्त किया है, कि क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर कार्यालय पहुंचते है हर शिकायत का त्वरित और गंभीरता से समाधान किया जायेगा। उन्होने साफ तौर पर कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना लोगो को राजस्व प्रकरणो के लिए भटकना न पड़े शासन प्रशासन की योजनाओ का शत्प्रतिशत क्रियान्वयन उनका प्रमुख लक्ष्य होगा। एसडीएम लोकांश एल्मा ने कहा कि आम नागरिकों को प्रशासनिक कार्यों और विशेषकर राजस्व संबंधी मामलों के लिए लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने राजस्व अमले को निर्देशित किया है कि भूमि, नामांतरण, सीमांकन और बटवारा जैसे आम जनता से जुड़े लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द और पारदशर्ी तरीके से निपटारा किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

निधन

बिसौहा हरित

फिंगेश्वर। नगर के पूर्व सरपंच एवं प्रतिष्ठित नागरिक बिसौहा हरित उम्र, 70 वर्ष का निधन 23 अक्टूबर को रात्रि रायपुर हॉस्पिटल में लंबी बीमारी के बाद इलाज के दौरान हो



गया। जिनकी अंतिम यात्रा उनके मुख्य निवास से मुक्तिधाम हेतु 24 अक्टूबर शनिवार प्रातः11 बजे निकाली गई। अग्नि संस्कार पश्चात श्रद्धांजलि सभा हुई जिसमें पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, विधायक रोहित साहू, सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। श्री हरित अपने पीछे पुत्र धनंजय हरित,नाती पोता सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

आधुनिक दौर में भी कायम है साइकिल का महत्व, खेत से खलिहान तक धान ढुलाई का सस्ता साधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

डीजल के महंगे दौर में पारंपरिक 'साइकिल' बनी किसानों का किफायती सहारा

क्षेत्र में इन दिनों हरूना किस्म के धान की कटाई जोरों पर है। किसान पकी हुई फसल की लुआई कर खेतों से खलिहान तक धान पहुंचाने में जुटे हुए हैं। आधुनिक मशीनों के बढ़ते इस्तेमाल के बीच आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक साधनों का महत्व बना हुआ है। इसका उदाहरण ग्राम रसेला के किसान नंदू दास मानिकपुरी और धनेश्वर ठाकुर जो सायंकाल के माध्यम से धान की ढुलाई कर रहे हैं।

किसान नंदू दास मानिकपुरी ने बताया कि सायंकाल से एक बार में धान की आठ बीड़ा आसानी से घर तक पहुंचाई जा सकती हैं। इसके माध्यम से एक से दो घंटे में लगभग 70 से 80 बीड़ा की ढुलाई हो जाती है। उन्होंने बताया कि डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण ट्रैक्टर से धान की ढुलाई कराना महंगा पड़ता है। ऐसे में सायंकाल कम खर्च में धान घर तक पहुंचाने का सुविधाजनक साधन है। **मशीनों से बच रहा समय, परंपरागत मेहनत हो रही कम-** आधुनिक कृषि यंत्रों ने खेती-किसानी के काम को आसान और तेज बना दिया है। इससे किसानों का समय तो बच रहा है, लेकिन पारंपरिक कृषि पद्धतियां धीरे धीरे पीछे छूटती जा रही है। ऐसे में किसान नदूदास मानिकपुरी द्वारा सायंकाल से धान की ढुलाई करना ग्रामीण जीवन की पुरानी परंपरा और किफायती साधनों की याद दिलाता है।



कभी हर गांव में दिखती थीं बैलगाड़ियां

करीब 15 से 20 वर्ष पहले गांवों में अधिकांश किसानों के पास बैल या भैंस से चलने वाली गाड़ियां हुआ करती थीं। खेती-किसानी से लेकर धान की ढुलाई तक इनका व्यापक उपयोग होता था। लेकिन समय के साथ ट्रैक्टर, थ्रेसर और हार्वेस्टर जैसी आधुनिक मशीनों का चलन बढ़ा, जिससे बैलगाड़ियों का उपयोग लगातार कम होता गया। आज स्थिति यह है कि गांवों में बैलगाड़ियां देखने को भी कम ही मिलती हैं।

सम्मेलन : शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

शिक्षक-पालक-बालक सम्मेलन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षक, पालक और विद्यार्थियों की संयुक्त भूमिका महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से 26 अक्टूबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा में शिक्षक–पालक–बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, अनुशासन और सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

सम्मेलन में शिक्षकों ने पालकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने, उनकी नियमित दिनचर्या सुनिश्चित करने तथा घर में अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की अपील की। वहीं विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने, समय का सदुपयोग करने और अपने



निर्धारित लक्ष्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को बेहतर बनाना, उनकी समस्याओं को समझना तथा शिक्षा के प्रति पालकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक, पालक और विद्यार्थी के बीच बेहतर संवाद एवं समन्वय से बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें भविष्य में सफलता की दिशा में आगे बढ़ाने में मदद मिलती है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस.के. वर्मा सहित धर्मराज साहू, डी.एस. दीवान, पोषण कुमार टोडरे, चेतना चंद्राकर, वर्षा रामटेके, पुरुषोत्तम लाल डड़सेना, घनौद कुमार कन्नौजे, अरुण साहू, अनिल सलाम, भुनेश्वरी दीवान, सूरज सोनी, बाबूलाल बंजारे एवं षष्टकीर्ति साहू उपस्थित रहे। सम्मेलन में पालकों एवं विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की।

सम्मेलन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बच्चों की सफलता के लिए केवल विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन, पालकों का सहयोग और विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत भी आवश्यक है। इन तीनों के सामूहिक प्रयासों से ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

शिशु मंदिर के 16 भैया-बहनों ने लहराया परचम, 8 छात्र राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

राजिम। सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित क्षेत्रीय गणित मेला प्रतियोगिता 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक सरस्वती शिशु उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सरस्वती विहार रोहणीपुरम में आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में मालवा प्रान्त, महाकौशल प्रान्त, मध्यभारत प्रान्त और छत्तीसगढ़ प्रान्त के सभी प्रांतीय प्रतियोगिताओं के विजेता भैय्या-बहन सम्मिलित हुए जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर राजिम के 17 भैय्या-बहनों ने भाग लिया था जिसमें 8 भैय्या-बहनों का प्रथम स्थान तथा 8 का द्वितीय स्थान कुल 16 का क्षेत्रीय प्रतियोगिता में स्थान लगा। इनमें से बाल वर्ग से वैदिक गणित प्रश्न मंच में ओजस साहू, आशीष साहू, लक्की साहू, गणित प्रदर्श तुभ्यम ध्रुव, किशोर वर्ग से गणित प्रदर्श भवनीश भोई, गणित पत्रवाचन दीक्षा साहू, तरुण



वर्ग से गणित प्रदर्श तानिया साहू तथा गणित प्रयोग में मिनेश साहू ये सभी भैय्या-बहन अपनी-अपनी विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किए। शिशु वर्ग से वैदिक गणित प्रश्न मंच लाव्यांश साहू, आदित्य साहू, अंजली साहू, बाल वर्ग से गणित प्रदर्श खुश पटेल, गणित प्रयोग अपर्णा साहू, गणित पत्रवाचन वर्तिका देवांगन ये सभी भैय्या-बहन द्वितीय स्थान प्राप्त किये। बाल वर्ग से गणित प्रदर्श रितेश साहू, किशोर वर्ग से विकास पटेल तृतीय स्थान प्राप्त किये तथा तरुण वर्ग से हर्षिता बांधे सहभागी रही। इन सभी भैय्या-बहनों में से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी 8 भैय्या-बहन अपने हुनर का प्रदर्शन आगे अखिल भारतीय वैदिक गणित प्रतियोगिता धनबाद झारखण्ड में 21,22,23 और 24 नवम्बर को दिखाएंगे।

इस उपलब्धि पर श्री कुलेश्वरनाथ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राघोबा महाड़िक, उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, सचिव अजय साहू, कोषाध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी, संचालन समिति के सहसचिव छाया राही, सदस्य डॉ. गोपाल केला, कृष्णकुमार यदु, जीवन साहू, सुरेन्द्र साहू, प्रतिभा शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य गोविन्द चौधरी, प्रधानचार्य नामदास लहरे, वरिष्ठ आचार्य हेमंत महाड़िक, रोशन शुक्ला, उत्तम साहू, अनिल साहू, अनीता जाधव, भारती जाधव एवं समस्त आचार्य दीदियों ने भैय्या बहनों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

मैनपुर में शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण की ज़मीनी हक़ीकत परखने पहुंचीं नीति आयोग की केंद्रीय प्रभारी ऋचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नीति आयोग के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत भारत सरकार के वाणिज्य विभाग की उप सचिव एवं आईएएस अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज सोमवार को आकांक्षी विकासखंड मैनपुर का सघन मैदानी भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सामुदायिक विकास से जुड़े शासकीय संस्थानों की जमीनी स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया। संस्थानों की सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता को परखा ,भ्रमण के दौरान केंद्रीय प्र भा री अधिकारी ने ग्राम देहरगुड़ा स्थित शासकीय विद्यालय,भाटीगढ़ के आंगनबाड़ी केंद्र तथा बरदुला–बोइरगांव स्थित आयुष्मान आरोग्य केंद्र में नवनिर्मित पीएनसी (प्रसवोत्तर देखभाल) कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने इन केंद्रों में उपलब्ध संसाधनों, सेवाओं की गुणवत्ता और योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया।

> ■ ऋचा प्रकाश चौधरी ने आयुष्मान आरोग्य केंद्र से लेकर आंगनबाड़ी तक व्यवस्थाओं का लिया जायजा

शासकीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान चौधरी ने शिक्षकों से सीधा संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों और विद्यार्थियों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार लाना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए शिक्षण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा स्कूल में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करने के निर्देश दिए।

आंगनबाड़ी एवं आयुष्मान आरोग्य केंद्र में बच्चों, गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं को मिल रही सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

मैदानी निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्व–सहायता समूहों की महिलाओं, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर व्यावहारिक कठिनाइयों को समझा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय समन्वय को मजबूत कर सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए तथा स्थानीय समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान जिला पंचायत गरियाबंद के सीईओ प्रखर चंद्राकर मैनपुर जनपद सीईओ गैदलाल चुरेंद्र, मनरेगा परियोजना अधिकारी कपिल नायक, पंचायत इंस्पेक्टर राजकुमार धुर्वा, आकांशी विकासखंड फेलो देवेंद्र कुमार ,महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्रीमती लीलावती सेन एवं जिला एवं खंड स्तरीय विभागीय अधिकारी, मैदानी कर्मचारी, शिक्षक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



भाजपा जिला कार्यालय में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

गरियाबंद। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय गरियाबंद में सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनका स्मरण किया। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। महर्षि वाल्मीकि जी को भारतीय साहित्य में आदि कवि के रूप में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त है। उनके द्वारा रचित रामायण भारतीय संस्कृति, मर्यादा, नैतिकता और आदर्श जीवन मूल्यों का महत्वपूर्ण ग्रंथ है। उनकी शिक्षाएं समाज को सदाचार, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि जी के विचारों को आत्मसात करने तथा उनके आदर्शों के अनुरूप समाज में समरसता और सद्भाव बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने महर्षि वाल्मीकि जी के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री आशीष शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक साहू, पंडित पंकज तिवारी संजय सोनकर, गौतम शर्मा,शीतल सिंह, मोहनिस ठाकुर, आकाश सिंह राजपूत, ओंकार साहू,बादल साहू, रवि साहू, आयुष तिवारी,सोमेश्वर साहू, सूरज सिंह, मयंक सोनी, सोनू यादव, लालजी साहू, श्रेयांश शर्मा, हर्ष देवांगन, पीयूष सिंह, देवेश भन्देलुकार, लोकेश सिन्हा, सोनू यादव, सूरज बीसी, प्रखर राजपूत, सर्जेव राव सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए चंदूलाल साहू, श्री कृष्ण जन्मोत्सव और बाल लीलाओं का हुआ मनमोहक वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा-बेलर

ग्राम पंचायत सेंदर में समस्त ग्रामवासियों के आयोजन में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त तथा पूर्व सांसद चंदूलाल साहू शामिल हुए। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण की पूजा-अर्चना कर समस्त मानव समाज के लिए सद्बुद्धि, ज्ञान और सदाचार की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने परम पूज्य महंत सिया गोवर्धन शरण व्यास महाराज को शाल एवं श्रीफल भेंटकर तथा पुष्पमाला पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक मंच से अपने विचार व्यक्त करते हुए चंदूलाल साहू ने कहा कि मनुष्य के भीतर देव और दानव दोनों प्रकार की प्रवृत्तियां विद्यमान होती हैं। दया, करुणा, प्रेम, सत्य, सेवा और परोपकार देवत्व के प्रतीक हैं, जबकि अहंकार, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या और द्वेष आसुरी प्रवृत्तियों को जन्म देते हैं। मनुष्य को अपने भीतर के सद्गुणों को जागृत करते हुए बुरी प्रवृत्तियों का त्याग करना चाहिए। साहू ने कहा कि परिवार और समाज में प्रेम, सद्भाव तथा परस्पर सम्मान की भावना मजबूत होगी, तभी एक आदर्श समाज का निर्माण संभव है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने आचरण में सुधार लाते हुए गांव में शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए आगे आना चाहिए।

गायत्री परिवार से जुड़े चंदूलाल साहू की धार्मिक विचारधारा और आध्यात्मिक चिंतन उनके उद्बोधन में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। उनके विचारों को कथा श्रवण करने पहुंचे श्रद्धालुओं और दर्शकों ने गंभीरता एवं ध्यानपूर्वक सुना। श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत प्रत्येक व्यक्ति के स्वयं के आचरण से होती है। साथ में सेवा निवृत्त शिक्षक मोहन लाल साहू थे।





श्रीकृष्ण जन्म, नंद उत्सव और बाल लीलाओं का वर्णन

ग्राम सेंदर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में कथावाचक संत गोवर्धन शरण व्यास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतार, नंद उत्सव, बाल लीला और माखन चोरी प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार धर्म की स्थापना और भक्तों के कल्याण के लिए हुआ। उनकी बाल लीलाएं प्रेम, वात्सल्य, भक्ति और आनंद का संदेश देती हैं। माखन चोरी प्रसंग के माध्यम से भगवान और भक्तों के बीच आत्मीय संबंध को समझाया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हुए और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रवण देवांगन, संतोष, सुखु राम, शत्रुहन सारथी,तुलस साहू चिमन साहू, रामू साहू, शिव राम साहू, परमानंद वर्मा, जीवन सिन्हा, हुलेशवर साहू, बेदराम साहू,तोरण, रेवा राम साहू, ललित पटेल, रामाधार साहू, योगेश देवांगन,सुखराम कश्यप, जनक साहू, अजय वर्मा, तुलस वर्मा धनेश सेन, तिलक सिन्हा, कार्यक्रम को सफल सुचारू व्यवस्था बनाए रखने में विशेष सहयोग ग्रामवासी सेंदर, दुर्गा समीति, आसपास गांव के श्रद्धालु उपस्थित थे।

पेज 9 के शेष...

10 अधिकारी-कर्मचारियों...

थाना प्रभारी पीपरछेड़ी, हेमंत कुमार साहू को थाना प्रभारी इंदागांव, दीप कुमार इककेश्वर को थाना प्रभारी पायलीखंड (जुगाड़) और मुकेश कुमार बंजारे को थाना प्रभारी शोभा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी को दो माह के लिए स्वतंत्र प्रभार दिया गया है।

8 समितियों में...

परेशानी खड़ी हो गई है। समितियों के कर्मचारियों के वेतन और अन्य संचालन संबंधी खर्चों के लिए राशन दुकानों से मिलने वाला कमीशन, बारदाना संबंधी आय, खाद विक्रय का कमीशन और धान खरीदी से मिलने वाला कमीशन प्रमुख आय के स्रोत बताए जाते हैं। लेकिन इन स्रोतों से होने वाली आय और वास्तविक खर्च के बीच संतुलन नहीं बन पाने के कारण समितियों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।धान खरीदी के दौरान नमी, सूखत, परिवहन में देरी तथा अन्य खर्चों और समायोजन के कारण धान खरीदी से मिलने वाला कमीशन भी खर्चों में समाप्त हो जाने की बात सामने आती है। इसी प्रकार खाद विक्रय से मिलने वाले कमीशन का एक हिस्सा परिवहन और अन्य संबंधित खर्चों में चला जाता है। परिणामस्वरूप समितियों के पास कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए पर्याप्त राशि नहीं बच पाती।

धान खरीदी को...

प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संचालित करना है। कुडेरादादर में नए केंद्र की तैयारी- इसी कड़ी में ग्राम कुडेरादादर में इस वर्ष नया धान उपार्जन केंद्र शुरू होने जा रहा है। यहां धान खरीदी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। केंद्र में धान रखने के लिए नए चबूतरे का निर्माण और कंप्यूटर कक्ष तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। नए उपार्जन केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को धान विक्रय की सुविधा मिलने की उम्मीद है। धान खरीदी का समय नजदीक आने के साथ ही समितियों में तैयारियों को गति दी जा रही है, ताकि निर्धारित तिथि से खरीदी कार्य शुरू होने पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



खबर संक्षेप

उत्कृष्ट कार्यों के लिए युवाओं और संगठनों को मिलेगा राज्य स्तरीय सम्मान, 30 तक करें आवेदन

गरियाबंद। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक-सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल तथा अन्य विविध क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें राज्य स्तर पर मान्यता प्रदान करने के लिए युवा रत्न सम्मान योजना संचालित किया जा रहा है। युवा रत्न सम्मान के लिए 30 अक्टूबर 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। खेल विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस योजना में विभिन्न क्षेत्र जैसे- असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य एक युवा तथा एक स्वैच्छिक संगठन को (पुरस्कार राशि 2 लाख 50 हजार रुपये एवं 05 लाख रुपये), युवा रत्न सम्मान सामाजिक, साहित्य, उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी, दिव्यांजन सशक्तिकरण, कला एवं संगीत, लोककला में सम्मान किया जाएगा। योजना अंतर्गत प्रत्येक क्षेत्र में 01 युवा को 01 लाख रुपये पुरस्कार राशि के साथ पदक, एक प्रमाण पत्र, एक शॉल प्रदान की जायेगी। युवा रत्न सम्मान (महिला एवं बाल विकास) के पुरस्कार में केवल महिलाओं, बालिकाओं को ही प्रदान की जाएगी। एक श्रेणी का युवा रत्न सम्मान, किसी व्यक्ति संगठन, संस्था को एक से अधिक बार नहीं दिया जाएगा। इस सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ का मूल निवासी तथा आयु 15 से 29 वर्ष (जिस वित्तीय वर्ष के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाना है, उसके 01 अप्रैल को उसकी आयु 15 वर्ष पूर्ण तथा 31 मार्च में आयु 29 वर्ष से कम होना चाहिए) के बीच होना चाहिए। युवा रत्न सम्मान योजना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में आवेदन 30 अक्टूबर 2026 तक कार्यालय कलेक्टर, खेल एवं युवा कल्याण, जिला गरियाबंद में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

आपातकालीन स्थिति में गरियाबंद जिला कंट्रोल रूम से करें संपर्क : पंकज डाहिरे

गरियाबंद। जिले में किसी भी व्यक्ति को आपातकालीन परिस्थिति में सहायता की आवश्यकता होने पर जिला कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07706-241288 पर संपर्क किया जा सकता है। अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे ने बताया कि आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला कंट्रोल रूम का नंबर जारी किया गया है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि जरूरत पड़ने पर इस नंबर पर संपर्क करें और इसकी जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। अपर कलेक्टर डाहिरे ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर सूचना और सहायता महत्वपूर्ण होती है। इसलिए जिले के नागरिक इस संपर्क नंबर को अपने पास सुरक्षित रखें तथा परिवार, परिचितों और आसपास के लोगों के साथ भी साझा करें, ताकि जरूरतमंद व्यक्ति समय रहते प्रशासन से सहायता प्राप्त कर सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि इस महत्वपूर्ण जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। आपकी सतर्कता और समय पर दी गई सूचना किसी की जान बचाने में मददगार हो सकती है।

उपरवारा में आज लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

अभनपुर। ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरोज सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर-9, नया रायपुर द्वारा आज मंगलवार को ग्राम उपरवारा स्थित ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। शिविर में योग्य चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। इस दौरान फेफड़ों की कार्यक्षमता की जांच (पीएफटी), रक्तचाप, शुगर तथा हृदय की प्रारंभिक जांच (ईसीजी) की सुविधा उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उपरवारा की सरपंच हेमा तुलाराम पटेल एवं पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग रहेगा। आयोजकों ने ग्रामीणों से शिविर में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लेने की अपील की है।

कार्यक्रम : एकता, शिक्षा और संस्कृति के रंग में रंगा यादव समाज का आयोजन

यादव समाज के पारंपरिक नुआखाई सम्मेलन में 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम सगड़ा में बड़े कोसरिया यादव समाज द्वारा आयोजित पारंपरिक नुआखाई भेट मुलाकात एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास, सांस्कृति परंपराओं के संरक्षण और सामाजिक एकजुटता के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस गरिमामयी आयोजन में ओडिशा, छत्तीसगढ़ और स्थानीय क्षेत्रें के जन प्रतिनिधियों, समाज के वरिष्ठजनों, महिला शक्ति, युवाओं और सैकड़ो की संख्या में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र–छात्रओं, समाज के वरिष्ठजनों तथा सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान से विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा गया और समाज में शिक्षा के प्रति नई जागरूकता का संदेश गया।

■ यादव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है : रमेश यदु



जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने 10 लाख देने की घोषणा किया

गौरीशंकर कश्यप व्यस्त कार्यक्रम के चलते नही पहुंच पाये लेकर समाज के मांग पर फोन के माध्यम से 10 लाख रूपये देने की घोषणा किया है। इस घोषणा से समाजजनो में उत्साह देखा जा रहा है।

ओडिशा के सांसद हुए शामिल

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओडिशा के सांसद बलभद्र माझी, सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, धनमति यादव, मोहन यादव, गरियाबंद जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, चारगढ़ अध्यक्ष मस्तु राम बगरती, जनपद सदस्य निर्भय ठाकुर, घोघर की सरपंच गीता यादव, गौरी यादव, रीता यादव, गरियाबंद कोसरिया समाज के जिलाध्यक्ष जयमल यादव तथा सागड़ा के सभापति खेमराज यादव, पुरुषोत्तम गोपाल, भंवरलाल यदु, परमेश्वर यादव, भगवान सिंह यादव, सेवन पुजारी, रेखालाल यादव, हीरालाल यादव, कमल बेसेन, भुवनेश बगनी, हुकमत यादव, नरसिंह यादव, उद्धव जगत, गजानंद यादव, श्रीधर चातुर्य और लखबुधर बगनी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाज को मजबूत और संगठित बनाने के लिए वर्गभेद, ऊंच–नीच और आपसी मतभेदों को पूरी तरह मिटाना होगा। सामाजिक समरसता ही समाज की सच्ची ताकत है, जिसे आपसी विश्वास और सहयोग से ही मजबूत किया जा सकता है। महिला प्रकोष्ठ प्रांताध्यक्ष धनमती यादव ने नारी सशक्तिकरण और युवा शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएं और युवा समाज की दशा व दिशा बदलने की अपार क्षमता रखते हैं। महिलाओं को शिक्षा, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता के समान अवसर मिलना समय की मांग है। यादव समाज के महासचिव मनोज यादव युवाओं को सामाजिक बदलाव का अग्रदूत बताते हुए उन्होंने नशामुक्त और शिक्षायुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा युवा पीढ़ी के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है, इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा और सामाजिक विकास के कार्यों में आगे आना चाहिए। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज में शिक्षा पर जोर देते हुए समाज मे भाईचारा और एकता को महत्व दिया। कार्यक्रम में ओडिशा के सांसद बलभद्र माझी ने कहा आज इस पावन और भव्य कार्यक्रम में आप सबके बीच आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता और गर्व की अनुभूति हो रहा है यादव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है भगवान श्रीकृष्ण ने हमें पूरी मानवता को प्रेम, कर्म और न्याय का मार्ग दिखाने का जो संदेश दिया। मांझी ने कहा समाज तभी मजबूत होता है जब उसके लोग जाति, क्षेत्र या छोटे–छोटे मतभेदों से ऊपर उठकर एक–दूसरे के हाथ थामते हैं।

अकलवारा में धूमधाम से मनाया ध्रुव गोंड़ समाज ने नवाखाई पर्व एवं मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

घाट खाल्हे के आदिवासी अंचल में ध्रुव गोंड़ समाज सर्कल फिंगेश्वरी के आश्रित ग्राम अकलवारा में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ नवाखाई पर्व एवं वार्षिक मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में सर्कल फिंगेश्वरी के अंतर्गत आने वाले 19 गांवों के सगा-समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान सामाजिक एकता, पारंपरिक संस्कृति और रीति-रिवाजों का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला। समारोह के अवसर पर समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर बाजे-गाजे के साथ बड़ादेव ठाना पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। समाजजनों ने नए अनाज का भोग अर्पित कर प्रसादी चढ़ाई तथा इष्ट बड़ादेव से क्षेत्र एवं समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की। इसके बाद सगा-समाज के लोगों ने एक-दूसरे को नवाखाई पर्व की शुभकामनाएं दीं और आपसी मेल-मिलाप के साथ पर्व मनाया। नवाखाई पर्व आदिवासी समाज की आस्था, कृषि परंपरा और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व नई फसल के स्वागत के साथ समाज के लोगों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश देता है।

समारोह में प्रमुख रूप से उपस्थित अतिथि एवं पदाधिकारी– कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गरियाबंद जिला अध्यक्ष पूरण सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पन्नालाल ध्रुव, प्रांतीय अध्यक्ष (जिला गरियाबंद) शामिल हुए। वहीं सर्कल फिंगेश्वरी के अध्यक्ष शिवराम ध्रुव, उपाध्यक्ष सेवकराम ध्रुव, सचिव हेमलाल ध्रुव, सहसचिव भानुप्रताप ध्रुव, संचालक गंगाराम नेताम, ऑडिटर हीरासिंह ध्रुव एवं यादराम ध्रुव, प्रवक्ता प्रहलाद ध्रुव एवं संतोष ध्रुव, महामंत्री आसाराम ध्रुव तथा मीडिया प्रभारी बाबूलाल ध्रुव सहित समाज के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा सलाहकार के रूप में केवल ध्रुव, हीरामन ध्रुव, पुनीत ध्रुव, भुवन ध्रुव, बंसीलाल ध्रुव, तिजराम ध्रुव एवं यशवंत ध्रुव उपस्थित रहे। सिपाही होरिलाल ध्रुव तथा पंचगण फग्गूराम ध्रुव, कृपाराम ध्रुव, अगरसिंह ध्रुव, शंकरलाल ध्रुव, अवधराम ध्रुव, गुलेन्द्र ध्रुव, केसर ध्रुव, संतराम ध्रुव, खेमसिंह ध्रुव, रमेश ध्रुव, दीपक ध्रुव, ओमनारायण ध्रुव, बंसीधर ठाकुर, नंदलाल ध्रुव, संतोष ध्रुव एवं लछन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में समाजजन समारोह में शामिल हुए।

फिंगेश्वरी सर्कल के 19 गांवों के सगा-समाज के लोग हुए शामिल





संतोषपुरी धाम में विशाल संत समागम, दिसंबर में सत्संग मेले के आयोजन की बनी रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

संतोषपुरी धाम, सिलियारी बाहरा, पतोरा-गुलियारी में 25 अक्टूबर को विशाल संत समागम एवं बैठक का आयोजन किया गया। सतनाम धर्म प्रचारक संत खुबलाल टंडन बाबा और संत संतोष टंडन बाबा के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में आगामी सत्संग मेले की तैयारियों, धाम के विकास और आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

संत खुबलाल टंडन बाबा के मार्गदर्शन में संत आगामी 25, 26 एवं 27 दिसम्बर को आयोजित होने वाले वार्षिक सत्संग मेले की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में सिलियारी बाहरा धाम के विकास, श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा मेले के दौरान व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। संत समाज से मेले की तैयारियों में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील भी की गई।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सभापति एवं क्षेत्र की जनसेविका मधुबाला रात्रे शामिल हुईं। अपने उद्बोधन में रात्रे ने संतोषपुरी धाम के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही। उन्होंने श्वेत वस्त्र धारण कर बड़ी संख्या में उपस्थित साधु-संतों, माताओं एवं श्रद्धालुओं की सहभागिता की सराहना करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।





खेतों से मंडी तक पहुंचने लगा नया धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

दशहरे के बाद खेतों में पककर तैयार हुई धान की फसल अब किसानों की मेहनत की कहानी बयां करने लगी है। खेतों में कटाई का दौर शुरू होने के साथ ही नवापारा कृषि उपज मंडी में नए धान की आवक भी पिछले सप्ताह से लगातार बनी हुई है।

■ बोली लगाकर हो रही खरीदी, किसानों को मिल रहीं जरूरी सुविधाएं

मंडी में धान लेकर पहुंच रहे किसानों की चहल-पहल बढ़ने लगी है। सोमवार को मंडी में ओमश्री धान 4652 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिका। नई फसल को लेकर धुमा गांव के मेहनतकश किसान दुधेश्वर वर्मा पहुंचे थे। नया धान के साथ पुराने धान की भी आवक बनी हुई है। सोमवार को 2 हजार 9 सौ कटटे की आवक थी। यह जानकारी देते हुए प्रभारी सुश्री नेहा सोनवान, उप निरीक्षक सपन शर्मा ने बताया कि मंडी में किसानों के लिए सर्वसुविधा व्यवस्था की गई है। धान की आवक बनी हुई है। मंडी पहुंचने से क्षेत्र में खरीफ सीजन की खेती-किसानी का उत्साह साफ नजर आने लगा है। बता दें कि नवापारा-राजिम अंचल में धान की खेती किसानों की आजीविका का प्रमुख आधार है।

आसपास के गांवों से किसान नए धान के साथ पुराना धान भी बिक्री के लिए ला रहे हैं। मंडी परिसर में धान की आवक के साथ खेती-किसानी से जुड़ी गतिविधियां गति पकड़ने लगी हैं।



■ ओमश्री धान 4652 रुपये प्रति क्विंटल बिका

नवापारा कृषि उपज मंडी में धान की खरीदी बोली के माध्यम से की जा रही है। किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचते हैं, जहां बोली लगने के बाद धान का भाव तय होता है। नई फसल की शुरूआती आवक के बीच किसानों की निगाहें उपज के भाव पर टिकी हुई हैं। आने वाले दिनों में कटाई का काम आगे बढ़ने के साथ मंडी में धान की आवक और बढ़ने की संभावना है। नवापारा कृषि उपज मंडी में किसानों की सुविधा के लिए विश्राम करने की जगह, पेयजल की व्यवस्था और पंखे जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। मंडी सचिव रामलाल साहू, नीलम, नेहा सोनवान, सपन शर्मा, कुमार साहू, जिनेन्द्र चक्रधारी, वेद साहू, अक्षय मिश्रा सहित सभी कर्मचारी मंडी की व्यवस्थाओं के संचालन में जुटे रहते हैं। दूर-दराज के गांवों से उपज लेकर आने वाले किसानों के लिए ऐसी सुविधाएं काफी उपयोगी साबित होती हैं। किसानों को अपनी उपज बेचने के दौरान आवश्यक सहूलियत मिलना मंडी व्यवस्था की महत्वपूर्ण जरूरत है। क्षेत्र के अनेक किसान नवापारा कृषि उपज मंडी को प्राथमिकता देते हैं। इसकी वजह मंडी में उपज बेचने की व्यवस्था के साथ उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं भी हैं।

किसानों के लिए मंडी केवल धान बेचने का स्थान नहीं, बल्कि पूरे सीजन की मेहनत को बाजार तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण केंद्र है। दशहरे के बाद नवापारा-राजिम क्षेत्र में धान की कटाई शुरू होना ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए भी अहम पड़ाव है। किसानों की मेहनत से लहलहाए खेतों से निकलकर जब धान मंडी पहुंचता है, तब खरीफ सीजन की सफलता का पहला संकेत मिलता है। नवापारा कृषि उपज मंडी में शुरू हुई नई फसल की आवक इसी बदलाव की तस्वीर पेश कर रही है। अब किसानों की उम्मीदें बेहतर भाव, सुचारु खरीदी और सुविधाजनक मंडी व्यवस्था पर टिकी हैं। खास बात यह है कि राजिम और नवापारा का बाजार किसानों के ऊपर ही निर्भर रहता है। यहां का बाजार तभी चमकता है जब किसान धान लेकर पहुंचते है। अभी जो धान यहां पहुंच रहा है उसमें नया धान ओमश्री के अलावा पुराना सरना, आरबी, 1008, 1010, शांभा, बांसुरी, आरबी, श्रीराम धान शामिल है।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संजू देवी यादव का भव्य स्वागत

मड़ेली में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम मड़ेली में दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं भारतीय महिला कबड्डी टीम की सदस्य संजू देवी यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। एशियन गेम्स में भारतीय टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली छत्तीसगढ़ की इस बेटी का ग्रामीणों, खिलाड़ियों और आयोजक समिति ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पीपरछेड़ी यादव समाज की ओर से पारंपरिक वेशभूषा, दोहा एवं नृत्य के माध्यम से अतिथि का स्वागत किया गया। वहीं ग्राम मड़ेली के खिलाड़ियों ने बाजे-गाजे के साथ उनका अभिनंदन करते हुए मंच तक पहुंचाया। आयोजक समिति ने पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। यदुवंशी यादव नृत्य दल ने भी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर समारोह को यादगार बनाया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए संजू देवी यादव ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है इन प्रतिभाओं को पहचानने, तराशने और आगे बढ़ने के लिए उचित मंच एवं अवसर उपलब्ध कराने की। खेल के क्षेत्र में भी उज्ज्वल भविष्य बनाने की अपार संभावनाएं हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन और आत्मविश्वास के बल पर सफलता हासिल की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिला कबड्डी टीमें भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। खेलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी महिला सशक्तीकरण और खेलों के प्रति जागरूकता का सकारात्मक संकेत है।

इस अवसर पर छुरा नगर की महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने भी संजू देवी यादव का स्वागत एवं अभिनंदन किया। खिलाड़ियों ने उनसे खेल संबंधी अनुभव साझा किए और कबड्डी में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। जय मां महिला कबड्डी टीम छुरा ने प्रतियोगिता में रायपुर की टीम के साथ मुकाबला करते हुए अपने खेल कौशल, उत्साह और मेहनत का प्रदर्शन किया।

डीएसपी गरिमा दादर से भी की मुलाकात



प्रतियोगिता के दौरान महिला कबड्डी टीम छुरा की खिलाड़ियों ने डीएसपी गरिमा दादर से भी मुलाकात कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। छुरा की महिला कबड्डी टीम समाजसेवी एवं कबड्डी कोच शीतल ध्रुव के नेतृत्व में खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रही है। टीम को आगे बढ़ाने में पुनीत राम ठाकुर, मनोज पटेल, लीलाधर, वीरेंद्र कुमार एवं पोखन ठाकुर का विशेष सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम में प्रेम नारायण ध्रुव, टंकेश्वर मरकाम, जागेश्वर ध्रुव, पुराणिक नागेश, भूपेंद्र ध्रुव, रामप्रसाद साहू, गिरवर निषाद, बुधलाल नेगी, वेद कुमार ध्रुव सहित पीपरछेड़ी यादव समाज के गोविंद यादव, नरेंद्र यादव, रामप्रसाद यादव, जेठुराम यादव, भूपेश यादव, मुकेश यादव, रागिनी यादव, रितु यादव, खिलाड़ी, ग्रामीणजन एवं आयोजक परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

